हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

बुलेटिन-भाग-2

(संसदीय एवं अन्य विषयों सम्बन्धी सामान्य सूचना)

शुक्रवार, 7 अगस्त, 2015/16 श्रावण, 1937 (शक्)

संख्या : 273

गैर-सरकारी सदस्य कार्य

वीरवार, 27 अगस्त, 2015 गैर-सरकारी सदस्यों के कार्य निष्पादन हेतु रखा गया हैं।

गैर-सरकारी सदस्यों का कार्य (विधेयक एवं संकल्प) निष्पादन किये जाने के लिए शलाका (बैलॅट) 20 अगस्त, 2015 को सायंकाल 4.30 बजे होगी। इस विषय में माननीय सदस्यों का ध्यान "अध्यक्ष द्वारा जारी निर्देशों के अध्याय-3" तथा "हिमाचल प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली, 1973" के अध्याय-13 की ओर आकर्षित किया जाता है। अगर कोई सदस्य गैर-सरकारी संकल्प प्रस्तुत करना चाहता हो तो वह शलाका (बैलॅट) की तिथि से कम से कम एक दिन पहले संकल्प के मूल पाठ सहित इस आशय की सूचना देगा।

सचिव,
हिमाचल प्रदेश विधान सभा।